
# एक्सप्रेस-वे के किनारे पर औद्योगिक कॉरिडोर बनेगा

राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता

औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने कहा कि एक्सप्रेस-वे के किनारे 10 किलोमीटर के दायरे में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनेगा। इसके विकास के लिए यूपीडा को नोडल एजेंसी बनाया गया है। यूपीडा को और अधिक मजबूत बनाने के लिए यूपीसीडा से तीन विशेषज्ञ नियुक्त किए जाएंगे। साथ ही भूमि अधिग्रहण काम में तेजी लाने के निर्देश भी दिए।

औद्योगिक विकास मंत्री ने बुधवार को पूर्वांचल व बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के समीप इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित करने के संबंध में बैठक करते हुए कहा कि उद्यमियों की सुविधा के लिए सड़क, बिजली, पानी सहित उच्चश्रेणी की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। भूमि अधिग्रहण के काम में तेजी लाने के लिए कंसलटेंट की नियुक्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि दोनों एक्सप्रेस-वे में आने वाले 23 में 15 जिलों में भूमि अधिग्रहण का काम पूरा हो चुका है। इसके अलावा यूपीसीडा ने नौ जिलों में 77 एकड़ भूमि इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए उपलब्ध कराई है।



सतीश महाना, औद्योगिक विकास मंत्री